एम्स, भुवनेश्वर में हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर में दिनांक: 14 सितंबर से 30 सितंबर 2019 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया । राजभाषा सलाहकार श्री रवीद्र शर्मा द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों के स्वागत के साथ समापन समारोह प्रारम्भ हुआ । निदेशक डॉ. गीतांजलि ने सभी को हिन्दी पखवाड़े की शुभकामनाएं दी । संकाय अध्यक्ष (डीन) डॉ. सुशील चंद्र महापात्र ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी को अपनाने और कामकाज में लाने का आग्रह किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिदानंद मोहंती ने कहा की एम्स भुवनेश्वर में दैनिक कार्यों में हिन्दी की बढ़ोतरी हो रही है। उप निदेशक (प्रशासन) श्री प्रदीप कुमार राय ने कहा की भारत सरकार की राजभाषा होने के कारण प्रशासनिक कामकाज में हिन्दी का प्रयोग अधिक से अधिक किया जा रहा है। आमंत्रित मुख्य वक्ता प्रोफेसर विजय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा की वो विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और ऐसा मानते हैं की विज्ञान के क्षेत्र में जब हिन्दी का प्रयोग हो सकता है तो सभी क्षेत्रों में ऐसा संभव है। एम्स, भुवनेश्वर में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर पासवान ने हिन्दी पखवाड़े में भाग लेने वाले एम्स, भुवनेश्वर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें दैनिक काम-काज हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पखवाड़े के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले संकाय सदस्य, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नगद पुरस्कार सहित प्रमाणपत्र दिये गए । इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री सचित्र कुमार पाणि, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री निशाकर साहू, कार्यालय अधीक्षक श्री दिलीप कुमार मिश्र सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। एम्स भुवनेश्वर के छात्र- छात्राओं के लिए आयोजित निबंध और वाद - विवाद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी सहित प्रमाणपत्र दिये गए । कुलसचिव श्री बिधुभूषण मिश्र ने कहा एम्स भुवनेश्वर में हिन्दी में कामकाज बढ़ रहा है और आशा करते हैं इसमें निरंतर वृद्धि होगी । उन्होंने हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद दिया और समापन समारोह समाप्त हुआ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
भुवनेश्वर
हिन्दी पखवाड़ा
प्रो. विजय कुमार